web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, बुधवार 13 फरवरी 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-135

## व्यक्तिगत जीवन के हित के लिए न कभी रास्ता बदलना.. अटलजी से सीखने वाली बात हैः पीएम मोदी



नयी दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी को आदर्शों से कभी समझौता नहीं करने वाला दिग्गज राजनेता बताते हुए कहा कि व्यक्तिगत जीवन के हित के लिए कभी अपना रास्ता न बदलना और लोकतंत्र में स्पर्धी होने के बावजूद एक दूसरे के प्रति आदर भाव रखना.. यह पूर्व प्रधानमंत्री से सीखने वाली बात है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के आदमकद तैलचित्र का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''अटल जी के जीवन पर बहुत सी बातें की जा सकती हैं। घंटों तक कहा जा सकता है फिर भी पूरा नहीं हो सकता। ऐसे व्यक्तित्व बहुत कम होते हैं।''उन्होंने कहा, '' व्यक्तिगत जीवन के हित के लिए कभी अपना रास्ता न बदलना, ये अपने आप में सार्वजनिक जीवन में हम जैसे कई कार्यकर्ताओं के लिए बहुत कुछ सीखने जैसा है।''मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में कोई दुश्मन नहीं होता है। लोकतंत्र में स्पर्धी होते हैं और स्पर्धी होने के बावजूद एक दूसरे के प्रति आदर भाव रखना, सम्मान के साथ देखना.. यह अटलजी से सीखने वाला विषय है। उन्होंने कहा कि अटलजी ने कितने ही साल संसद के गलियारे में समय गुजारा, दशकों तक सत्ता से दूर रहे, फिर भी लोगों की निष्ठा भाव से सेवा की, उनकी आवाज उठायी लेकिन व्यक्तिगत हित के लिये कभी रास्ता नहीं बदला । प्रधानमंत्री ने कहा कि वाजपेयी ने राजनीति में उतार चढ़ाव देखा, जय पराजय आई लेकिन आदर्शों से कभी समझौता नहीं किया। इसका कभी न कभी परिणाम मिलता है, मोदी ने कहा कि वाजपेयी के भाषण की चर्चा होती है लेकिन उनका मौन आज के समय में मनोविज्ञान की दृष्टि से शोध करने की बात है। जितनी ताकत उनके भाषण में थी, उतना ही अधिक प्रभाव उनके मौन में था। जब सभा में बोलते हुए, वे कुछ पल के लिये मौन हो जाते थे, तब भी लोगों में संदेश चला जाता था। इस युग में भी कब बोलना है, कब मौन रहना है.. यह सीखने जैसा है। उन्होंने कहा कि अटलजी ने एक प्रकार से परिस्थिति को साध लिया था। वे एक ऐसे व्यक्तित्व थे जो लोकतंत्र को ताकत देने को समर्पित थे।

## केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**बीजेपी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामला**



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के खिलाफ कथित रुप से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में उच्चतम न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। केजरीवाल को उत्तर प्रदेश की अमेठी की अदालत में इस मामले में निजी रुप से पेश होने से शीर्ष न्यायालय ने छूट दे दी है।

केजरीवाल पर मानहानि का मामला 2014 के आम चुनाव के दौरान कथित रुप से अभद्र टिप्पणी करने पर दर्ज कराया गया था। उन्हें इस मामले में अमेठी की अदालत में पेश होना था। मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी(आप) के 2014 में अमेठी से उम्मीदवार कुमार विश्वास के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए कथित रुप से टिप्पणी की थी कि भाजपा और कांग्रेस को वोट देना देश के लिए विनाशकारी होगा। इस टिप्पणी पर भाजपा की तरफ से शिकायत पर सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रेमचंद ने मुसाफिरखाना पुलिस थाने में मामला दर्ज करने के आदेश दिए थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पूछताछ के दौरान पुलिस ने बंदी को सांप से डराया

जकार्ता (आरएनएस)। इंडोनेशियाई पुलिस ने सोमवार को स्वीकार किया कि उसने पापुआ प्रांत में हिरासत में लिए गए एक शख्स को डराने के लिए पूछताछ के दौरान सांप का प्रयोग किया था। सोशल मीडिया पर घटना का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इस बात को स्वीकारा है।

### अखाड़ों का अंतिम शाही स्नान प्रयागराज कुंभ में संपन्न हुआ

नईदिल्ली (आरएनएस)। बसंत पंचमी के अवसर पर कल प्रयागराज कुंभ के स्नान घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। यह कुंभ का चौथा शाही स्नान था। स्नान देर शाम तक चलता रहा। अखाड़ों का तीसरा और अंतिम शाही स्नान मुख्य आकर्षण रहा। अखाड़ों के जुलूस क्षेत्र में लोगों का प्रवेश रोकने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

### 9 साल के बच्चे के साथ रेप के आरोप में महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज

मलप्पुरम (आरएनएस)। केरल के मलप्पुरम में 36 साल की एक महिला के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है. महिला पर आरोप है कि उसने कई महीनों तक एक 9 साल के बच्चे से रेप किया. बच्चे ने पिछले सप्ताह एक स्थानीय क्लिनिक के डॉक्टर को अपनी आपबीती सुनाई थी जिसके बाद डॉक्टर ने चाइल्ड लाइन को संबंध में सूचना दी. बच्चे के बयान के आधार पर पुलिस में मामले की शिकायत की गई.

### लखनऊ पुलिस ने 27 वांछित समेत 40 आरोपियों को किया गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की लखनऊ पुलिस ने पिछले 24 घंटे के दौरान 27 वांछित समेत 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात माल क्षेत्र से आठ,गौतमपल्ली क्षेत्र से छह, गोसाईगंज इलाके से चार,अलीगंज और चिनहट क्षेत्र से दो-दो जबकि मडियांव और ठाकुरगंज क्षेत्र से एक-एक वांछित को गिरफ्तार किया गया।

### आर्थिक आधार पर 10 फीसदी आरक्षण के खिलाफ याचिका पर न्यायालय ने केन्द्र से मांगा जवाब

नयी दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिये सरकारी नौकरी और शिक्षा में दस फीसदी आरक्षण को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को केन्द्र सरकार को नोटिस जारी किया।

### गंगा की सफाई के लिए मंजूर 261 परियोजनाओं में से 76 पूरी हुयीं : सिंह

नयी दिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि गंगा नदी की सफाई के लिए 261 परियोजनाएं मंजूर की गयीं जिनमें से 76 पूरी हो गयी हैं और शेष कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण राज्य मंत्री सत्यपाल सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी।

### बालकनी पर बैठी छह साल की बच्ची पर डाला खौलता तेल, बुरी तरह झुलसी

नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालरुक में घर की बालकनी पर धूप में बैठी एक छह साल की बच्ची पर गर्म खौलता तेल डालने का मामला सामने आया है। बच्ची पर तेल गिरने से वह बुरी तरह से झुलस गई।

### आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में भारतीय सेना के जवान बलजीत सिंह शहीद

जम्मू और कश्मीर। सेना के जवान बलजीत सिंह ने आज से पहले पुलवामा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में अपनी जान गंवा दी।

### बंगाल में आया भूकंप, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 5.1, मचा हड़कंप

कोलकाता। बंगाल की खाड़ी में आज सुबह 7.02 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.1 की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## करोलबाग के होटल में लगी भीषण आग, 17 की मौत

नयी दिल्ली (आरएनएस)। मध्य दिल्ली के करोलबाग स्थित एक होटल में मंगलवार सुबह भीषण आग लगने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि दिल्ली सरकार ने करोलबाग आग हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं।



पुलिस ने बताया कि आग करोलबाग में गुरुद्वारा रोड स्थित होटल अर्पित पैलेस में लगी। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह चार बजकर 35 मिनट पर मिली और तुरंत दमकल विभाग की 24 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हादसे में 17 लोग मारे गए हैं। घायलों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) सहित तीन अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि 13 शव आरएमएल अस्पताल में हैं। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। घटना के वीडियो में दो लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की चौथी मंजिल से कूदते नजर आ रहे हैं। चश्मदीदों के मुताबिक ज्यादातर लोगों की मौत दम घुटने से हुई है। गलियारों में लकड़ी के पैनल लगे होने के कारण आग जल्दी फैल गई।

## जहरीली शराब कांड को लेकर विधानसभा की कार्यवाही बाधित




लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और कुशीनगर में जहरीली शराब से हुयी मौतों को लेकर सोमवार को विपक्ष ने एकजुटता का परिचय देते हुये विधानसभा का प्रश्नकाल बाधित किया। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही समाजवादी पार्टी (सपा),बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस के सदस्यों ने सहारनपुर और कुशीनगर में जहरीली शराब से करीब 100 लोगों की हुयी मौतों को लेकर जबरदस्त हंगामा किया। विपक्षी सदस्यों ने एक सुर में घटना की भर्त्सना करते हुये मामले की जांच सीबीआई के हवाले करने की मांग की।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित सदस्यों से बार बार शांत रहने का अनुरोध करते रहे जिसे अनसुना करते देख उन्होने प्रश्नकाल को स्थगित कर दिया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विपक्षी सदस्य धरने पर बैठ गये।

संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इस मामले में सरकार का पक्ष रखते हुये कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना को गंभीरता से लिया है और दोषी लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा।

## कार ने सड़क से गुजर रही गाय को मारी ठोकर, फिर कार में लगी आग



जगदलपुर। बस्तर चौकी क्षेत्र के परचनपाल के पास एक कार ने सड़क से गुजर रही गाय को ठोकर मार दी। ठोकर मारने के बाद कार में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान कार में दो लोगों सवार थे, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला।मामले की जानकारी देते हुए बस्तर चौकी प्रभारी सत्यम चौहान ने बताया कि देर रात कार सीजी 17 केएल 0779 में सवार होकर दो युवक कोंडागांव की ओर से जगदलपुर की तरफ आ रहे थे। परचनपाल के पास अचानक गाय सामने आ जाने की वजह से वाहन चालक ने गाय को ठोकर मार दी। गाय को ठोकर मारने के बाद कार बंद हो गई और कार के चारों दरवाजे लॉक हो गए।

## दिल्ली में तड़के नीरज बवाना गैंग से पुलिस की मुठभेड़, 5 बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार तड़के एक मुठभेड़ के बाद हरियाणा के रहने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों में से तीन घायल हुए हैं। मुठभेड़ सुबह पांच बजे की है। दरअसल विशेष सेल की एक टीम को सूचना मिली थी कि अपराधी रोहिणी सेक्टर 10 की ओर जा रहे हैं।




पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने कहा, जब टीम ने कार को देखा, तो उसे रुकने के लिए संकेत दिया गया लेकिन कार में सवार बदमाशों ने गोली चला दीं। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। यादव ने कहा कि मुठभेड़ में तीन बदमाश घायल हो गए। उनके पास से पांच हथियार भी जब्त किए गए हैं।

यादव के मुताबिक, यह पांच बदमाश गैंगस्टर नीरज बवाना से जुड़े हुए हैं। अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान, पाया गया कि बदमाश दो फरवरी को रोहिणी में एक ड्राइवर की हत्या में संलिप्त थे। यह हत्या निजी दुश्मनी के कारण की गई थी।

## इजराइली सेना के टैंक ने सीरिया में गोलाबारी की, सात जगहों को बनाया निशाना

एजेंसी। इजराइली सेना के टैंक ने सोमवार को दक्षिणी सीरियाई प्रांत कुनेत्रा में गोलाबारी की. युद्धग्रस्त देश की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है. 'सना' ने एक खबर में कहा, ''इजराइली हमलावर ने कुनेत्रा में एक अस्पताल और निगरानी स्टेशन को निशाना बनाया.''



**सात स्थानों पर दागे गए गोलेः सूत्र**

एक सैन्य सूत्र के हवाले से बताया कि गोलाबारी से सिर्फ भौतिक क्षति हुई है. 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी ऑफ ह्यूमन राइट्स' के रमी अब्दुल रहमान ने कहा कि निगरानी चौकी सहित कुनेत्रा में सात स्थानों पर गोले दागे गए. वहीं, ऑब्जर्वेटरी ने बिना कोई आंकड़े दिए कहा कि हमले में जान-माल दोनों का नुकसान हुआ है.

## चैनल न चुनने वालों को दिखने लगा टीवी पर अंधेरा

**नया टैरिफ सिस्टम**




मुंबई (आरएनएस)। टेलीविजन चैनल चुनने के अपने अधिकार का इस्तेमाल नहीं करने वाले बहुत से टेलीविजन कन्ज्यूमर्स को कुछ पे-चैनल दिखने बंद हो गए हैं। नए टैरिफ सिस्टम पर कन्ज्यूमर्स को लाने की प्रक्रिया तेज करने के लिए केबल और डायरेक्ट-टु-होम (डीटीएच) कंपनियां यह कदम उठा रही हैं। देश में लगभग 17 करोड़ केबल और सैटेलाइट कनेक्शन रखने वाले घरों में से अभी तक केवल 9 करोड़ ने नए सिस्टम को अपनाया है।

टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने डिस्ट्रीब्यूशन ऑपरेटर्स (केबल और डीटीएच कंपनियों) को अपने कन्ज्यूमर्स को 1 फरवरी तक नए टैरिफ सिस्टम पर लाने का निर्देश दिया था। इस सिस्टम के तहत कन्ज्यूमर्स केवल उन्हीं चैनलों को चुनेंगे और भुगतान करेंगे जिन्हें वे देखना चाहते हैं।


**हटाए गए लोकप्रिय चैनल**

ट्राई ने ऑपरेटर्स से कन्ज्यूमर्स के लिए सिग्नल बंद नहीं करने को कहा था, लेकिन इन ऑपरेटर्स के बहुत से एग्जिक्यूटिव्स और कन्ज्यूमर्स ने बताया कि कुछ चैनल बंद किए जा रहे हैं। एक बड़े मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर के सीनियर एग्जिक्यूटिव ने कहा, सभी डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म ने इस पर सहमति जताई है कि नए टैरिफ सिस्टम को लागू करने की प्रक्रिया तेज करने के लिए कुछ लोकप्रिय चैनलों को हटाना अच्छा तरीका है। हम विभिन्न शहरों में चैनल बंद कर रहे हैं।

## दोस्त के साथ घूमने गई युवती का अपहरण कर किया गैंगरेप

लुधियाना (आरएनएस)। पंजाब के लुधियाना शहर में एक बार फिर शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. बीती रात लुधियाना में अपने दोस्त के साथ घूमने के लिए मुल्लापुर इलाके में गई युवती का पहले कुछ लोगों ने अपहरण किया. उसके बाद 11 लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. पंजाब पुलिस ने मामला दर्ज कर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि मुल्लापुर में दोस्त के साथ कार में बैठी युवती को देखकर दो बाइकसवार कार के पाए आए और आते ही उन्होंने कार पर हथियारों से हमला कर दिया. हमलावरों ने युवती के दोस्त के साथ मारपीट की और उसे बांधकर डाल गए.

## जल संसाधन विभाग ने एनीकेट निर्माण में हुई गड़बड़ी में बड़ी कार्रवाई की, 6 अधिकारियों का निलंबन आदेश जारी




रायपुर। जल संसाधन विभाग ने एनीकेट निर्माण में हुई गड़बड़ी में बड़ी कार्रवाई की है. एनीकेट क्षतिग्रस्त होने के मामले में विभाग ने 6 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है. मामला बिलासपुर जिले के अरपा नदी पर बने सोनपुरी(नगोई) एनीकेट कम काजवे क्षतिग्रस्त होने का. इस मामले में सरकार की ओर से प्रमुख अभियंता जल संसाधन की ओर से जांच दल गठित किया गया था. जांच दल ने मैदानी स्तर जांच किया था. जांच में निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होना और कार्य में लापरवाही बरतना पाया था. विभाग को जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एनीकेट निर्माण से जुड़े 6 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया. सभी को निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का दोषी पाया गया है. जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया उनमें- एस. के. तिवारी, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (खोंगसरा जल संसाधन उपसंभाग), एम.पी. शर्मा, एम. एम. खान, बीएम सोनी, तत्कालीन उप अभियंता (खोंगसरा जल संसाधन उपसंभाग), ए.के. महोबिया, अनुसंधान अधिकारी, वेदप्रकाश पाण्डेय, सहायक अनुसंधान अधिकारी (गुण नियंत्रण इकाई सकरी, बिलासपुर) शामिल है.

## वेनेजुएला में भूखमरी का आलम, 17 हजार रुपये किलो बिक रहा आलू और चावल



भूखमरी का आलम ये है कि एक किलो चावल के लिए लोग एक दूसरे की हत्या करने से भी नहीं चूक रहे हैं। इतना सब होने के बाद भी वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अंतरराष्ट्रीय मदद को ये कहते हुए इन्कार कर दिया है कि उनका देश भिखारी नहीं है। यह हाल तब है जब आर्थिक तौर पर बदहाली का सामना कर रहे वेनेजुएला में मुद्रास्फीति की दर 13 लाख फीसद तक बढ़ चुकी है।

वेनेजुएला में आर्थिक संकट चरम पर है। आलम ये है कि वहां पर लोगों को खाने के लाले पड़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वहां पर

## सीबीआई, ईडी को 14 और 25 फरवरी को आरोपियों को दस्तावेज सौंपने का निर्देश

**आईआरसीटीसी घोटाला**

नयी दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को आईआरसीटीसी घोटाला मामले में क्रमशः 14 और 25 फरवरी को आरोपियों को दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपियों को दस्तावेज सौंपने के लिए 14 फरवरी की तारीख तय की है। वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 25 फरवरी दोपहर दो बजे तक दस्तावेज सौंपने होंगे। मामले एक निजी कंपनी को आईआरसीटीसी के दो होटलों का ठेका देने में कथित धनशोधन से संबंधित हैं। सीबीआई और ईडी दोनों ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।